# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञाप्ति

## दिनांक 18.07.2020

- **नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कोरोना पांजीटिव हो जाने के कारण नगर निगम अधिकारियो/कर्मचारियो का हुआ कोरोना कोविड–19 का टेस्ट।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान दो दिवसीय प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा विशेष अभियान रहा है। आज दिनांक 18.7.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. अपर नगर आयुक्त महोदय को कोराना पॉजटिव हो जाने के कारण नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार समस्त नगर निगम अधिकारियो/कर्मचारियो की कोविड–19 से सुरक्षा का दृष्टिगत रखते हुय नगर निगम के प्रांगण में सभी अधिकारियो/ कर्मचारियो का कोविड–19 टेस्ट कराया गया। आज सुबह से ही सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को जॉच हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिये गय थे। स्वास्थ्य विभाग की (मेडिकल मोबाइल यूनिट) टीम के साथ उपस्थित रहकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी अधिकारियो/कर्मचारियो का परीक्षण कोविड–19 कराया।

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 18.7.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य दलेलगंज, ख्वाजा फिरोज, फत्तेपुर रेती, तारीन गाड़ीपुरा, रेती,कचहरी, सुभाष नगर कालोनी, अशोक बिहार कालोनी, दिलाजाक, आर्यनगर, रामनगर, बाबूजई, गौहरपुरा, मोहम्मदजई, रैन बसेरा, बीएस0 पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक, कटियाटोला,मामूड़ी,महमंद हददफ, तारीन बहादुरगंज, कालेज, जिला अस्पताल, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

कमशः.................(2)

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। **इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.07.2020 को फत्तेपुर रेती, आवास विकास कालोनी, खलीलशर्की, बाडूजई प्रथम, वाजिदखेल,**में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। ।नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 18.07.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।